राजस्थान फाउंडेशन की अनूठी पहल

बीकानेर हाउस में ग्लोबल प्रवासी दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

नई दिल्ली, समाचार जगत न्यूज। नई दिल्ली के बीकानेर हाउस स्थित चांदनी बाग परिसर में राजस्थान फाउंडेशन, राजस्थान पर्यटन विभाग, बीकानेर हाउस मैनेजमेंट सोसायटी और मारवाड़ी युवा मंच के संयुक्त तत्वाधान में ग्लोबल प्रवासी दीपोत्सव कार्यक्रम के साथ - साथ रंगारंग राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या और ग्लोबल दीपोत्सव कार्यक्रम का लाइव प्रसारण यूट्यूब सहित संबंधित

विभागों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मारवाड़ी युवा मंच दुबई के अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल के स्वागत स्पीच के शेष पृष्ठ 4 पर

बीकानेर हाउस में ग्लोबल ...

साथ-साथ दुबई एक्सपो में शामिल होने गए राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव के उद्बोधन भाषण से हुई। नई दिल्ली के बीकानेर हाउस परिसर में दीप प्रज्वलन प्रिंसिपल रेजिडेंट कमिश्नर शुभ्रा सिंह और निदेशक, पर्यटन निशांत जैन, सहायक आवासीय आयुक्त मनोज सिंह की अगुवाई में तथा दुबई से धीरज श्रीवास्तव और मारवाड़ी युवा मंच के साथ-साथ दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बसे प्रवासी राजस्थानियों की उपस्थिति मे एक साथ हुआ, जिसमें दुनिया भर के प्रवासी राजस्थानियों ने एक साथ दीप जलाकर राजस्थान की धरती के साथ अपने भावनात्मक जुड़ाव का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रवासी राजस्थानीओं के नाम संदेश और दीपावली की शुभकामनाओं प्रेषित की। इस अवसर पर नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थान की मशहूर ओपेरा सिंगर रिशिता रेवदिया, भवई नृत्यांगना अन्नया सिंघवी तथा भूंगर खान की अगुवाई में डेजर्ट सिंफोनी ग्रुप ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसके साक्षी देश-दुनिया में बसे प्रवासी राजस्थानी बने। कार्यक्रम के अंत में दुबई से लाइव प्रवासी राजस्थानिओं के सांस्कृतिक समूहों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी।